(b) No, Sir.

(c) Yes, Sir.

(d) the 7th plan envisaged an investment of Rs. 1300 crores under "Line capacity works" and Rs. 4290 crores under "Rolling Stock",

CoBsultaiicj/Engineerhig firms under the Department of Railways

1396. SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) the number of consultancy/engineering firms formed by the Department of Railways so as to undertake turnkey projects jn India and abroad; and

(b) the number of contracts foi preparation of project reports and the execution of projects bagged by these firms and the amount of business involved in these contracts?

THE MINISTER OF TRANSPORT (SHRIMATI MOHSINA KIDWAI): (a) Two

(b) RITES, the consultancy company have ow$_n$ 59 contracts for preparation of project reports and construction supervision worth Rs. 31 crores approximately.

IRCON, th$_e$ construction Company have secured about 50 projects/works costing approximately Rs. 884 crores.

नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा का समान अवसर

1397. **श्री चतुरानन मिश्र** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई शिक्षा नीति में सभी को शिक्षा का समान अवसर उपलब्ध कराने के सिद्धांत को स्वीकार किया गया है ?

(ख) क्या यह भी सच है कि नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर औपचारिक अनौपचारिक तथा अन्य शिक्षा पद्धतियों को अपनाने की घोषणा की गई है :

(ग) क्या यह भी सच है कि अनौपचारिक शिक्षा समाज के कमजोर वर्गों अर्थात्, गरीबों, आदिवासियों हरिजनों आदि को उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार शिक्षा के मामले में आर्थिक और सामाजिक आधार पर भेदभाव को समाप्त करने के लिये क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

शिक्षा और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में असमानताओं को दूर करने तथा जिन्हें अब तक बराबरी से वंचित रखा गया है को विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करके शैक्षिक अवसरों में समानता प्रदान करने पर जोर दिया गया है ।

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में प्राथमिक स्तर पर औपचारिक तथा गैर औपचारिक शिक्षा की प्रणालिया विकसित करने और उनके उपयोग की परिकल्पना की गई है ?

(ग) और (घ) नीति में परिकल्पित गैर-औपचारिक शिक्षा प्रणाली समाज के मात्र कमजोर वर्गों के लिए नहीं है । यह उन सभी बच्चों के लिए तैयार की गई है जो स्कूल में दाखिल नहीं हुए और जो किसी भी कारण जैसे स्कूल का पास न होना, आर्थिक कारण से स्कूल छोड़ गये है या जो पूर्ण कालिक आधार पर स्कूल नहीं जा सके उन्हें स्कूल प्रणाली के स्थान पर अनौपचारिक विकल्प की आवश्यकता है ।

नई भागलपुर-हावड़ा गाड़ी

1398. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भागलपुर–हावड़ा गाड़ी का जिसके अगस्त, 1986 से जमालपुर से